प्रेस-नोट

थाना मोठ

दिनांक- 21.07.2023

थाना मोठ पुलिस स्वाट व सर्वेलेंस टीम की संयुक्त कार्यवाही

लूट की घटना का सफल अनावरण, पुलिस मुठभेड़ में एक घायल सहित 04 बदमाश गिरफ्तार

थाना मोठ पर पंजीकृत लूट की घटना से संबंधित मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS बनाम अज्ञात की घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना मोठ पुलिस, स्वाट व सर्वेलेंस टीम द्वारा घटना से संबंधित एक घायल सहित 04 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ में लूटे गए 93370/- रु0 व 02 अदद टैब (सैमसंग) सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 17.07.2024 को श्री शिवम पाल पुत्र सन्तोष पाल नि0 रक्सा थाना रक्सा जिला झाँसी द्वारा थाना मोठ पर दिनांक 16.07.2024 को समय करीब 20.30 बजे दो बाइक सवार अज्ञात लड़कों द्वारा वादी की मोटर साइकिल रुकवाकर उसके साथ मारपीट कर उनका बैग (जिसमें 1,25,000 रुपये व दो टैब एक वायोमैट्रिक मशीन) लूट ले जाने के संबंध में दी गयी तहरीर पर थाना मोठ पर मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS बनाम अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया ।

घटना के सफल अनावरण हेतु थाना मोठ पुलिस, स्वाट व सर्वेलेंस की संयुक्त टीम गठित कर अपराधियों की धड़पकड़ हेतु चैकिंग शुरू की गयी । इसी क्रम में दिनांक 20.07.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना मोठ पुलिस व स्वाट टीम द्वारा भाण्डेर रोड पर नहर पर बने शीतला विद्युत गृह के पास बैरियर लगाकर सघन चैकिंग शुरू की गयी।

चेकिंग के दौरान समय करीब 00.17 बजे भाण्डेर की ओर से दो मोटर साइकिल पर 04 व्यक्ति आते दिखायी दिये। पुलिस चैंकिग को देखकर उक्त लोगों ने भागने का प्रयास किया जिसमें उनकी मोटर साइकिल फिसल कर गिर गयी। पुलिस टीम द्वारा उक्त लोगों को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया किन्तु उन लोगों ने एक राय होकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक घायल सहित चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व वादी से लूटे गए 93370/- रुपये नगद व 02 अदद टेबलेट(टैब) कम्पनी सैमसंग बरामद हुए । गिरफ्तारी तथा बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने पर चारों अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मोठ पर मु0अ0सं0 192/2024 धारा 109,3(5),221 BNS व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

अभियुक्तगण का नाम व पता-

1.जतिन उर्फ जतन रायकवार पुत्र श्री मनोज रायकवार नि0 मु0 तिवरयाना कस्वा व थाना समथर जिला झांसी, उम्र करीब 20 वर्ष (घायल)

2.हरेन्द्र शर्मा पुत्र अशोक शर्मा नि0 मु0 हिममालन कस्वा व थाना समथर जिला झांसी, उम्र करीब 23 वर्ष

3.अतुल यादव पुत्र प्रमोद यादव नि0 माधवपुरा थाना भाण्डेर जिला दतिया म0प्र0, उम्र करीब 18 वर्ष

4.राज यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव नि0 मु0 तिवरयाना कस्वा व थाना समथर जिला झांसी, उम्र करीब 21 वर्ष

<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-</u>

- **अतुल यादव पुत्र प्रमोद यादव नि0 माधवपुरा थाना भाण्डेर जिला दतिया (म0प्र0**

  1. मु0अ0सं0 211/2024 धारा 323/294/506/34 भा0द0वि0 व 3(1)द,3(1)ध,3(2)(va) SC/ST ACT थाना भाण्डेर जिला दतिया
  2. मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS थाना मोठ जनपद झांसी
  3. मु0अ0सं0 192/2024 धारा 109,3(5),221 BNS व 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोठ झांसी

- **जतिन उर्फ जतन रायकवार पुत्र श्री मनोज रायकवार उम्र करीब 20 वर्ष नि0 मु0 तिवरयाना कस्वा व थाना समथर जिला झांसी**

  1. मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS थाना मोठ जनपद झांसी
  2. मु0अ0सं0 192/2024 धारा 109,3(5),221 BNS व 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोठ झांसी

- **हरेन्द्र शर्मा पुत्र अशोक शर्मा नि0 मु0 हिममालन कस्वा व थाना समथर जिला झांसी**

  1. मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS थाना मोठ जनपद झांसी
  2. मु0अ0सं0 192/2024 धारा 109,3(5),221 BNS व 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोठ झांसी

- **राज यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव नि0 मु0 तिवरयाना कस्वा व थाना समथर जिला झांसी**

  1. मु0अ0सं0 186/2024 धारा 309(6) BNS थाना मोठ जनपद झांसी
  2. मु0अ0सं0 192/2024 धारा 109,3(5),221 BNS व 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोठ झांसी

<u>बरामदगी का विवरणः</u>-

- 02 अदद तमंचा देशी 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, माल मसरूका 93370/-रु. नगद व 02 अदद टेबलेट(टैब) कम्पनी सैमसंग लूटे हुए

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>

प्रभारी निरीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह थाना मोठ जनपद झांसी
उ0नि0 श्री जितेन्द्र तक्खर स्वाट प्रभारी जनपद झाँसी
उ0नि0 श्री अश्वनी दीक्षित थाना मोठ जनपद झाँसी
उ0नि0 श्री आशीष धामा थाना मोठ जनपद झाँसी
उ0नि0 श्री सन्दीप तोमर थाना मोठ जनपद झाँसी
हे0का0 दुर्गेश कुमार सर्विलांस सेल झाँसी
हे0का0 रजनीश सर्विलांस सेल झाँसी
हे0का0 अजमत उल्लाह थाना मोठ जनपद झाँसी
हे0का0 रणजीत सिंह थाना मोठ जनपद झाँसी
हे0का0 138 सतपाल सिंह स्वाट टीम झाँसी
हे0का0 429 सदानन्द स्वाट टीम झाँसी
हे0का0 134 शैलेन्द्र सिंह स्वाट टीम झाँसी
का0 276 शिव तिवारी स्वाट टीम झाँसी
का0 रजत कुमार स्वाट टीम झाँसी
का0 76 अक्षय सिंह थाना मोठ जनपद झाँसी
का0 767 शशांक मिश्रा थाना मोठ जनपद झाँसी
का0 1739 ललित कुमार थाना मोठ जनपद झाँसी
का0 1505 वीरेन्द्र बघेल थाना मोठ जनपद झाँसी
का0 996 विकास कुशवाहा थाना मोठ जनपद झाँसी